# कार्यालय प्राचार्य, इंदिरा गाँधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सागर (म0प्र0)

(Declared Autonomous by Government of M.P.)
Phone: 07582-263896, Fax: 07582-263850, 263826
Email: dr.principalgec@rediffmail.com, - Website: www.igecsagar.ac.in


क्र0 / इ.म. / छात्रवृत्ति शाखा / 2025 / ............ / सागर, दिनांक :— 18 / 06 / 2025

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति संबंधी आवश्यक सूचना

### (नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) के संबंध में)

संस्था में अध्ययनरत समस्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि, भारत सरकार के निर्देशानुसार संस्था मे अध्ययनरत समस्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियो का नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) कराना अनिवार्य किया गया हैं। MPTAASC पोर्टल पर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करते समय OTR नंबर दिया जाना अनिवार्य हैं। इसके बिना आवेदन करना संभव नही होगा।

OTR नंबर प्राप्त करने की प्रक्रिया दो चरणों मे सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में विद्यार्थी को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की वेबसाइट से अथवा मोबाइल पर NSP OTR मोबाइल एप डाउनलोड कर उसमें आवश्यक जानकारी दी जाकर रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा, द्वितीय चरण मे NSP OTR App एवं AadharFaceRD services App डाउनलोड कर रेफरेंस नंबर के माध्यम से OTR की प्रक्रिया पूर्ण कर OTR नंबर प्राप्त करना होगा। OTR करने हेतु विद्यार्थी का आधार नं., उसके आधार से लिंक मोबाइल नंबर जिस पर OTP प्राप्त होगा और उसका बैंक खाता आधार से लिंक होना तथा NPCI Active होना अनिवार्य हैं। **शासन के विशिष्ट निर्देशानुसार यह कार्यवाही 30 जुलाई 2025 तक सम्पन्न कराना आवश्यक हैं।**

### नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) की प्रक्रिया

(क) **प्रथम चरण :— प्रथम** चरण में विद्यार्थियों को OTR हेतु रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा जिसके लिये उनके द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही सम्पन्न की जानी होगी —

1. रेफरेंस नंबर नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की वेबसाइट अथवा मोबाइल पर NSP OTR मोबाइल एप डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता हैं।
2. भारत सरकार की NSP वेबसाइट पर जाकर होम पेज पर प्रदर्शित Get Your OTR के नीचे प्रदर्शित विकल्प Apply Now पर क्लिक करें।
3. विद्यार्थियों हेतु विडो प्रदर्शित होगी जिस पर Register Yourself पर क्लिक कर चाही गई आवश्यक जानकारियाँ भरनी होगी।
4. उपरोक्त कार्यवाही किये जाने हेतु विद्यार्थी के पास उसका आधार नंबर और आधार मे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर होना आवश्यक हैं।
5. आधार से बैंक खाता DBT मोड पर लिंक होना आवश्यक हैं।

उपरोक्तानुसार वांछित जानकारी दिये जाने के पश्चात् विद्यार्थी का रेफरेंस नंबर प्राप्त हो जाएगा जिसके आधार पर विद्यार्थी OTR की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे।

(ख) **द्वितीय चरण :—**

रेफरेंस नंबर प्राप्त करने के पश्चात् वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) की प्रक्रिया पूर्ण किया जाना हैं। OTR फेस ऑथेन्टिकेशन के द्वारा होना है जिसकी कार्यवाही निम्नानुसार सम्पन्न की जाएगी —

1. सर्वप्रथम मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से NSP OTR App एवं AadharFaceRD services App डाउनलोड कर इन्स्टॉल करें।
2. NSP एप पर ekyc by FaceAuth. पर क्लिक करें।
3. विद्यार्थी का रेफरेंस नंबर डालकर Send OTP के ऑपशन पर क्लिक करें।
4. विद्यार्थी को उसका पर्सनल डाटा प्रदर्शित होगा जहाँ Proceed for face Authentication पर क्लिक करें।
5. मोबाइल का कैमरा अपने फेस के समक्ष लाये जिससे फेस ऑथेन्टिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी और आवेदन को उसका OTR नंबर प्राप्त हो जाएगा। OTR नंबर सुरक्षित रखे। MPTAASC पोर्टल पर छात्रवृत्ति का आवेदन करते समय यह OTR नंबर दिया जाना अनिवार्य है।

उपरोक्त कार्य मे कठिनाई होने पर विद्यार्थी छात्रवृत्ति शाखा मे संपर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य,
इंदिरा गाँधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय
सागर (म0प्र0)

पृ. क्र0 / इ.म. / छात्रवृत्ति शाखा / 2025 / 1269 /
सागर, दिनांक :— 18 / 06 / 2025

प्रतिलिपि :— निम्नांकित की ओर सूचनार्थ।

1. समस्त विभागाध्यक्ष, (CE, ME, EC, EE, IT), इंदिरा गाँधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय सागर की ओर विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से सूचित करने हेतु।
2. प्रभारी वेबसाइट की ओर वेबसाईट मे अपलोड करने हेतु।
3. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

प्राचार्य,
इंदिरा गाँधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय
सागर (म0प्र0)